# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

**(Eleventh Session)**

**Questions For Oral Answer**

## Monday, the 29th February, 2016/10th Phalguna, 1937(Saka)

----

**[Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Forest Minister - Urban Development Minister - Social Justice & Empowerment Minister and Cooperation Minister ].**

**Total No. of Questions - 24**

----

**Integrated Tribal Development Programme**

***2613 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how much Budget has been given during last year to Integrated Tribal Development Programme in District Lahaul and Spiti, Kinnaur, Pangi and Bharmour area of District Chamba under Natural Calamity, Rain Damages and restoration works by way of additionality;

(b) what is the balance payment to be made to the District of Lahaul and Spiti for restoration works during this period; detail be given; and

(c) whether the Department proposes to clear the balance payment to be made to the District of Lahaul & Spiti?

----

## सीर खड्ड का तटीयकरण

*2614 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सरकार बरछवाड़ से जाहू तक सीर खड्ड के चैनेलाईजेशन का कार्य कब तक आरम्भ करने का विचार रखती है;

(ख) सरकार आगामी बरसात के दृष्टिगत चन्दरूही पुल के पास बाढ़ से खेतों को होने वाले नुकसान के मध्यनज़र क्या स्पर लगाने पर विचार करेगी; और

(ग) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## Sewerage System

*2615 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the estimated cost of laying of sewerage system in Dalhousie Town;

(b) whether the AA/ES has been accorded for this work; and

(c) if yes, by when the work is likely to start?

----

## पीलिया रोग

*2616 **श्री सुरेश भारद्वाज(शिमला) :**
**श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री वीरेन्द्र कंवर(कुटलैहड़) :**
**श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 अक्तूबर, 2015 से 31 जनवरी, 2016 तक प्रदेश में विशेषकर शिमला शहर में पीलिया रोग से ग्रस्त लोगों के कितने मामले सरकार के ध्यान में आए; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान कितने मरीजों की मृत्यु हुई व कितने लोग उपचाराधीन रहे; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा इस रोग की रोकथाम के लिए क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## मल-प्रवाह योजनाएं

***2617 श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) प्रदेश में कितनी सीवरेज योजनाएं हैं; उनकी Sewerage Treatment Plant की क्षमता कितनी-कितनी है; और

(ख) कौन-कौन सी योजनाएं ऐसी हैं जिनके Sewerage Treatment Plant खड्डों/नदियों के किनारे बनाए गए हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## भवन निर्माण

***2618 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आयुर्वैदिक अस्पताल कटराईं के भवन का शिलान्यास कब हुआ; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कौन सा विभाग कर रहा है और इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## दवाईयों की गुणवत्ता

***2619 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दवाईयों की गुणवत्ता जांचने हेतु संसारपुर टैरेस औधोगिक क्षेत्र में स्थापित दवाई निर्माता इकाईयों से कितने सैम्पल भरे गए; उनमें से कितने सैम्पल sub standard पाए गए; और

(ख) सरकार द्वारा Sub Standard सैम्पलों वाली इकाईयों के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा इकाईवार दें?

----

## सहकारिता बैंक की शाखाएं

***2620 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Co-operative Bank की नई शाखाएं खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में इसके लिए कहां-कहां सर्वे करवाया गया; ब्यौरा दें?

----

## एम0पी0डब्ल्यू0 की भर्ती

***2621 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार क्या एम0पी0डब्ल्यू0 की भर्ती करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## लिफ्ट का प्रावधान

***2622 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कुल्लू आयुर्वेद अस्पताल के भवन का उद्घाटन कब किया गया तथा भवन की कितनी मंजिलें हैं;

(ख) यह सत्य है कि भवन में लिफ्ट लगाने का प्रावधान रखा गया है; और

(ग) यदि हां, तो लिफ्ट कब तक लगा दी जाएगी ?

----

## पार्किंग निर्माण

***2623 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि NAC तलाई में निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य पूर्ण कर दिया गया है; और

(ख) यदि नहीं, तो कारण और इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## चिकित्सकों द्वारा नौकरी छोड़ना

***2624 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने MBBS (MD/MS) चिकित्सकों ने सरकारी नौकरी छोड़ी; ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ख) सरकार भविष्य में चिकित्सक नौकरी न छोड़ें इस हेतु क्या पग उठा रही हैं?

----

## फिल्टर बैड

***2625 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी पेयजल योजनाओं में फिल्टर बैड बने हैं; विवरण योजनावार दें; और

(ख) इनमें से कितने फिल्टर बैड ऐसे हैं जो सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं; विवरण योजनावार दें?

----

## Irrigation Schemes

***2626 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that construction work of Chokang, Othang, Baring, Sindwari, Khandipas, Beeling, Mooling Irrigation Schemes has been going on since long; and

(b) if yes, when the work of these schemes was started & by when these will be completed; scheme wise details be given?

----

## उठाऊ पेयजल योजना

***2627 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत पिंगला पंचायत के गांव जाजर-टीला, नागन, बैरा, पिंगला व हवानी इत्यादि के लिए उठाऊ पेयजल योजना निर्माणाधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) इस योजना की अनुमानित लागत क्या है व इस पर 31.01.2016 तक कितना खर्च किया जा चुका है; ब्यौरा इसके निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लक्ष्य सहित दें?

----

## पटवार सर्कल

***2628 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कुल कितने पटवार सर्कल हैं;

(ख) इनमें पटवारियों के कितने पद सृजित हैं; और

(ग) इनमें से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा तहसीलवार दें ?

----

## Filling-up of Vacant Post

***2629 Sh. Gulab Singh Thakur (Jogindernagar):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-
(a) whether the post of Medical Specialist in Civil Hospital Jogindernagar is lying vacant; and

(b) if so, what action the Department has taken thereof?

----

## वाटर गार्ड

***2630 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में वाटर गार्ड कार्य कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इनकी कुल कितनी संख्या है और इनके कार्य करने का समय कितना (Duty Hours) निर्धारित है;

(ग) इनको कितना वेतन दिया जा रहा है; और

(घ) सरकार क्या इन्हें नियमित करने के लिए नीति बनाने पर विचार करेगी ?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***2631 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं की DPR तैयार की गई है; ब्यौरा योजनाओं के नाम सहित दें?

----

## ब्यास नदी का तटीयकरण

***2632 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि पलचान से औट तक ब्यास नदी के तटीयकरण/फ्लड प्रोटैक्शन की योजना सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अनुमानित लागत क्या है; और

(ग) इसकी डी0पी0आर0 क्या अनुमोदित कर दी गई है; यदि हां, तो कब; ब्यौरा दें?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***2633 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कितने उप-मण्डल हैं; और

(ख) इन उप-मण्डलों में कनिष्ठ अभियन्ताओं व अन्य कर्मचारियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं तथा इनमें से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें ?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

***2634 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) जिला चम्बा में पेयजल संकट को खत्म करने के लिए कितने हैण्डपम्प लगाए गए; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें; और

(ख) वर्ष 2014-15 में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने नए हैण्डपम्प लगाए गए; ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

## आयुर्वैदिक औषधालय में रिक्तियां

***2635 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला कुल्लू के दुर्गम क्षेत्रों में स्थित आयुर्वैदिक डिस्पैंसरियों में डॉक्टरों तथा अन्य कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार कब तक रिक्त पद भरने का विचार रखती है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तलाई का उन्नयन

***2636 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि PHC तलाई को CHC में स्तरोन्नत करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसको कब तक स्तरोन्नत कर दिया जाएगा ?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांक: 12 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**